# **<u>भा.कृ.अनु.प.-भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, खंडवा रोड, इन्दौर-452001</u>**

## **<u>फ़ाइल् क्रमांक. प्रेस नोट/प्रेस व पब्लिसिटी/2022/53</u>**

## ***<u>भा.कृ.अनु.प - भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इंदौर ने "प्रधानमंत्री किसान सम्मान सम्मेलन 2022 और कृषि स्टार्टअप सम्मेलन" का लाइव वेबकास्ट किया आयोजित</u>***

भाकृअनुप - भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इंदौर द्वारा "प्रधानमंत्री किसान सम्मान सम्मेलन 2022 और कृषि स्टार्टअप कॉन्क्लेव" का लाइव वेबकास्ट आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा भाकृअनुप-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में 17 अक्टूबर 2022 को श्री मनसुख मंडाविया, रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री और श्री नरेंद्र सिंह तोमर, कृषि और किसान कल्याण मंत्री की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इंदौर में माननीय लोकसभा सांसद, इंदौर, श्री शंकर लालवानी और राज्यसभा सांसद, सुश्री कविता पाटीदार कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में कुल 350 किसान शामिल हुए जिसमें 54 किसानों ने शारीरिक रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्थान के प्रभारी निदेशक डॉ संजय गुप्ता द्वारा सभी माननीय अतिथियों का स्वागत किया गया साथ ही उन्होंने अपने उद्बोधन में किसानों से संस्थान द्वारा विकसित नई तकनीकों को अपनाने का अनुरोध किया। इस क्रम में सुश्री कविता पाटीदार जी ने बताया कि भारत सरकार ने विगत आठ वर्षों से विभिन्न किसान कल्याण योजनाओं को क्रियान्वित किया है तथा उन्होंने कोरोना काल में भारतीय अर्थव्यवस्था को बनाए रखने में किसानों के महत्वपूर्ण प्रयासों की सराहना की। इंदौर के माननीय सांसद श्री शंकर लालवानी जी ने भारत सरकार की नई "एक राष्ट्र - एक उर्वरक" नीति से सदन को अवगत कराया। आईआईएसआर, इंदौर में सभी श्रोताओं ने भारत सरकार के रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री श्री मनसुख मंडाविया, कृषि और किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर और प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के व्याख्यानों को ऑनलाइन वेबकास्ट के माध्यम से सुना। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के तहत 16,000 करोड़ रुपयों की 12वीं किश्त जारी की। इस कार्यक्रम में प्रधान मंत्री ने 600 "प्रधान मंत्री किसान समृद्धि केंद्रों (पीएमकेएसके)", प्रधान मंत्री भारतीय जन उर्वरक परियोजना - एक राष्ट्र एक उर्वरक और एक ई-पत्रिका 'इंडियन एज' का भी उदघाटन किया।

………………………………………………………..







